सिद्धार्थनगर पुलिस

प्रेस नोट दिनांक 04-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना।

आज दिनांक 04.11.2026 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई किया गया। जनसुनवाई के दौरान कुल 07 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमे से 03 भूमि-विवाद व 04 अन्य विवादो से सम्बन्धित प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए तथा प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।

प्रेस नोट दिनांक 04-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆मिशन शक्ति फेज-6.0 अभियान के तहत थाना त्रिलोकपुर मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना स्थानीय पर बने मिशन शक्ति केन्द्र में महिलाओं/बालिकाओं को महिला अपराध, साइबर अपराध सुरक्षा व हेल्पलाइन नम्बर, दहेज उत्पीड़न, नए कानून आदि के सम्बन्ध में पम्पलेट वितरित कर जागरूक किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 04.11.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज बृजेश कुमार वर्मा तथा थानाध्यक्ष त्रिलोकपुर के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 6.0 के अन्तर्गत थाना स्थानीय पर बने मिशन शक्ति केन्द्र में बालिकाओं/महिलाओं को मिशन शक्ति के तहत सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे मे जैसे कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहू सम्मेलन अभियानमुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनारानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोषनारी शक्ति वंदन अधिनियममातृ शक्ति को सम्बलनिराश्रित महिला पेंशन योजनामुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि अन्य योजनाओ से संबंधी जानकारी को बताया गया व जागरूक किया गया तथा मिशन शक्ति फेज-6 कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण,एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों- 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 101अग्निशमन सेवा, के बारे में जानकारी दी गई।

थाना त्रिलोकपुर मिशन शक्ति टीम-

01.उ0नि0 त्रिभुवन यादव
02.हे0का0 धनंजय दुबे
03.का0 अशोक कुमार वर्मा
04.म0का0 कुंजन सिंह

प्रेस नोट दिनांक 04-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆मिशन शक्ति फेज 6 के तहत थाना इटवा मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र के जूनियर हाईस्कूल इटवा में छात्र/छात्राओं को महिला अपराध, साइबर अपराध सुरक्षा व हेल्पलाइन नम्बर, दहेज उत्पीड़न, नए कानून आदि के सम्बन्ध में पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 04/11/2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी इटवा " पवीन प्रकाश" तथा प्रभारी निरीक्षक "अनिल कुमार दूबे" थाना इटवा के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति व साइबर क्राइम, मिशन शक्ति केंद्र, बहू बेटी सम्मेलन एवं नए कानून के संबंध व साइबर के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत जूनियर हाईस्कूल इटवा में छात्र/छात्राओं को जागरुक किया गया। मिशन शक्ति संबंधी बातों को बताते हुए मिशन शक्ति फेज 6 को कार्यक्रम के अंतर्गत निम्न हेल्पलाइन नंबर, कानूनों की जानकारी देते हुए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदत्त किये गये अभियान* के तहत जागरुक किया गया महिला संबंधी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु विभिन्न हेल्पलाइन नंबर- 112 पुलिस आपातकान सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन,1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन,108 एंबुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा के बारे में जानकारी दी गई।

मिशन शक्ति टीम थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर-

01.उ0नि0 राम जी यादव
02.आ0 रोहित यादव
03.म0आ0 साधना यादव
04.म0आ0 रीता मौर्या

प्रेस नोट दिनांक 04-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆मिशन शक्ति फेज 6.0 कार्यक्रम के तहत महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो एवं साइबर अपराध सुरक्षा के क्रम में थाना कठेला समय माता मिशन शक्ति टीम द्वारा अमर विद्यापीठ कठेला गर्वी की बालिकाओं को पंपलेट वितरित कर महिला अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध में जागरुकत किया गया।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा "महिला सशक्तिकरण, एंटी रोमियो व महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 04/11/2026 को नरायनलाल श्रीवास्तव थानाध्यक्ष थाना कठेला समयमाता जनपद सिद्धार्थनगर के निर्देशन में थाना कठेला समय माता मिशन शक्ति टीम द्वारा अमर विद्यापीठ कठेला गर्वी की बालिकाओं को मिशन शक्ति फेज 6.0 के तहत महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो एवं साइबर अपराध सुरक्षा के संबंध में पंपलेट का वितरण कर जागरूक किया गया। तथा महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन,102 एम्बुलेंस सेवा(गर्भवती महिलाओं के लिए) 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर क्राइम हेल्प लाइन के सम्वन्ध में जानकारी दी गयी।

मिशन शक्ति टीम थाना कठेला समय माता जनपद सिद्धार्थनगर।

01.उ0नि0शिवशंकर शर्मा

02. म0का0 प्रांशी पांडे

03.म0का0 मीरा रानी

प्रेस नोट दिनांक 04-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆मिशन शक्ति फेज 6.0 कार्यक्रम के तहत महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो एवं साइबर अपराध सुरक्षा के क्रम में थाना कपिलवस्तु मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के सेंट लॉरियंस स्कूल की बालिकाओं को पंपलेट वितरित कर महिला अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध में जागरुकता किया गया।

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा "महिला सशक्तिकरण, एंटी रोमियो व महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में, प्रशांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में आज दिनांक 04/11/2026 को विनय प्रताप सिंह थानाध्यक्ष थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर के निर्देशन में थाना कपिलवस्तु मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के सेंट लॉरियंस स्कूल की बालिकाओं को मिशन शक्ति फेज 6.0 के तहत महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो एवं साइबर अपराध सुरक्षा के संबंध में पंपलेट का वितरण कर जागरूक किया गया। तथा महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन,102 एम्बुलेंस सेवा(गर्भवती महिलाओं के लिए) 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर क्राइम हेल्प लाइन के सम्वन्ध में जानकारी दी गयी।

मिशन शक्ति टीम थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर।

1.आ0 संतोष यादव
2.म0आ0 सोनाली मिश्रा
3.म0का0 दीक्षा सिंह

प्रेस नोट दिनांक 04-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆मिशन शक्ति फेज 6.0 कार्यक्रम के तहत महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो एवं साइबर अपराध सुरक्षा के क्रम में थाना बांसी मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के श्यामनगर की बालिकाओं/महिलाओं को पंपलेट वितरित कर महिला अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध में जागरूकता किया गया।

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा "महिला सशक्तिकरण, एंटी रोमियो व महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन व शुबेन्दु सिंह क्षेत्राधिकारी बांसी के पर्यवेक्षण में आज दिनांक 04/11/2026 को महेन्द्र प्रताप चतुर्वेदी प्रभारी निरीक्षक थाना बांसी जनपद सिद्धार्थनगर के निर्देशन में थाना बांसी मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के श्यामनगर की बालिकाओं/महिलाओं को मिशन शक्ति फेज 6.0 के तहत महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो एवं साइबर अपराध सुरक्षा के संबंध में पंपलेट का वितरण कर जागरूक किया गया। तथा महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन,102 एम्बुलेंस सेवा(गर्भवती महिलाओं के लिए) 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर क्राइम हेल्प लाइन के सम्वन्ध में जानकारी दी गयी।

मिशन शक्ति टीम थाना बांसी जनपद सिद्धार्थनगर।

1.म0उ0नि0 मीरा चौहान
2.का0 संतोष सोनकर
3.का0 रितेश सिंह
4.म0का0 अंजू वर्मा

प्रेस नोट दिनांक 04-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆कम्यूनिटी पुलिसिंग अभियान के तहत थाना मोहाना कम्युनिटी पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम अवधापुर में वरिष्ठ नागरिकों के साथ संवाद स्थापित कर विभिन्न जनकल्याणकारी एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए जागरूक किया गया।

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में तथा प्रशांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत सौरयान (IPS) के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह थाना मोहाना के कुशल नेतृत्व में संचालित कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 04.11.2026 को थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर के ग्राम अवधापुर में जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया, गोष्ठी के दौरान ग्रामवासियों के साथ बैठकर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं कुशलक्षेम के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। उपस्थित ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि उनके परिवार में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। सभी लोग आपसी सौहार्द एवं प्रसन्नता के साथ जीवनयापन कर रहे है। इस अवसर पर ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए जागरूक किया गया। साथ ही कानून-व्यवस्था बनाए रखने, साइबर अपराधों से सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया। ग्रामवासियों द्वारा पुलिस के इस जनसंपर्क एवं जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए पुलिस के प्रति विश्वास एवं सहयोग की भावना व्यक्त की गई तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की गई।

कम्युनिटी पुलिसिंग टीम थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर–

1.हे0का0आत्मानंद नायक
2.म0का0अंजू वर्मा
3.म0का0काजल अग्रहरि

प्रेस नोट दिनांक 04-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆कम्यूनिटी पुलिसिंग अभियान के तहत थाना इटवा कम्यूनिटी पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र के जूनियर हाई स्कूल इटवा में गोष्ठी का आयोजन कर बच्चों को नशामुक्ति एवं साइबर अपराध जागरूकता के सम्बंध मे जानकारी दी गई।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन के आदेश के क्रम में तथा प्रशांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी इटवा पवीन प्रकाश के पर्यवेक्षण में, प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार दूबे थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल नेतृत्व में संचालित कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 04.11.2026 को थानाक्षेत्र के जूनियर हाई स्कूल इटवा में जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। सीपीयू के अंतर्गत नशामुक्ति एवं साइबर अपराध के तहत जागरूकता अभियान चलाया गया। महिलाओं को नशामुक्ति एवं साइबर अपराध के सम्बन्ध में अवगत किया गया तथा उन्हें साइबर हेल्पलाइन नं 1930 के बारे में भी बताया गया।आवश्यक पुलिस सहायता हेतु सीपीयू टीम प्रभारी का नंबर भी प्रदान किया गया।लोगों द्वारा पुलिस के इस जनसंपर्क एवं जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए पुलिस के प्रति विश्वास एवं सहयोग की भावना व्यक्त की गई तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की गई।

सी.पी.यू. टीम का विवरण-

01.निरीक्षक संतोष कुमार त्रिपाठी *
02.उ0नि0 राम जी यादव
03.म0का0 साधना यादव

प्रेस नोट दिनांक 04-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर ।

◆कम्यूनिटी पुलिसिंग अभियान के तहत थाना त्रिलोकपुर कम्यूनिटी पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र के फतेह बहादुर सिंह मेमोरियल एकेडमी प्लेसर सिकटा में गोष्ठी का आयोजन कर बच्चों को नशामुक्ति एवं साइबर अपराध जागरूकता के सम्बंध मे जानकारी दी गई ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के आदेश के क्रम में तथा प्रशांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के पर्यवेक्षण में, थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल नेतृत्व में संचालित कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 04.11.2026 को थानाक्षेत्र के फतेह बहादुर सिंह मेमोरियल एकेडमी प्लेसर सिकटा में जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। सीपीयू के अंतर्गत नशामुक्ति एवं साइबर अपराध के तहत जागरूकता अभियान चलाया गया। महिलाओं को नशामुक्ति एवं साइबर अपराध के सम्बन्ध में अवगत किया गया तथा उन्हें साइबर हेल्पलाइन नं 1930 के बारे में भी बताया गया।आवश्यक पुलिस सहायता हेतु सीपीयू टीम प्रभारी का नंबर भी प्रदान किया गया।लोगों द्वारा पुलिस के इस जनसंपर्क एवं जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए पुलिस के प्रति विश्वास एवं सहयोग की भावना व्यक्त की गई तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की गई।

कम्युनिटी पुलिसिंग टीम-

1.हे0का0 अमरनाथ यादव

2.का0 लालबाबू निषाद

प्रेस नोट दिनांक 04-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर ।

◆यातायात माह-2026 के चतुर्थ दिवस पर ट्रैक्टर चालकों एवं मालिको को यातायात नियमों तथा गुड सेमेरिटन के प्रति जागरूक किया गया तथा रिफ्लेक्टर टेप लगाया गया।

जनपद सिद्धार्थनगर में यातायात माह-2026 के चतुर्थ दिवस पर डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार, अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में, क्षेत्राधिकारी यातायात राजकुमार सिंह के निर्देशन तथा प्रभारी यातायात अजय कुमार यादव के नेतृत्व में यातायात पुलिस टीम द्वारा ट्रैक्टर मालिकों एवं चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने हेतु विशेष अभियान चलाया गया एवं रिफ्लेक्टर टेप लगाया गया । अभियान के दौरान ट्रैक्टर मालिकों एवं चालकों को यातायात नियमों का पालन करने, वाहन चलाते समय सावधानी बरतने तथा सड़क पर सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करने के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही, उपस्थित लोगों को गुड सेमेरिटन (नेक व्यक्ति) की अवधारणा के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। उन्हें सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की सहायता करने तथा उन्हें समय से अस्पताल पहुंचाने के लिए प्रेरित किया गया। बताया गया कि दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद करने वाले नेक व्यक्ति को अनावश्यक कानूनी परेशानियों से सुरक्षा प्रदान करने हेतु सरकार द्वारा प्रावधान किए गए हैं।

यातायात पुलिस द्वारा आमजन से अपील की गई कि यातायात नियमों का पालन करें तथा सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की सहायता के लिए आगे आएं। सुरक्षित यातायात एवं दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु जनसहभागिता अत्यंत आवश्यक है।

प्रेस नोट दिनांक 04-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर ।

◆थाना सिद्धार्थनगर पुलिस द्वारा दुष्कर्म के आरोपी 01 नफर वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी के हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत प्रशान्त प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में थाना सिद्धार्थनगर पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 308/2026 धारा 65(1),351(3) बीएनएस व 3/ 4 पॉक्सो एक्ट मे वांछित अभियुक्त अब्दुल रऊफ पुत्र अबुहरेरा खान निवासी कोडरा ग्रांट टोला महुवआ थाना व जनपद सिद्धार्थनगर को आज दिनांक 04.11.2026 को समय करीब 12.00 बजे बस स्टेशन सिद्धार्थनगर से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरणः-

01-अब्दुल रऊफ पुत्र अबुहरेरा खान निवासी कोडरा ग्रांट टोला महुवआ थाना व जनपद सिद्धार्थनगर ।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरणः-

01.उ0नि0 श्री विजय कुमार थाना व जनपद सिद्धार्थनगर।
02.हे0का0 प्रमोद ओझा, थाना व जनपद सिद्धार्थनगर।
03.हे0का0 वंशनाथ चौहान, थाना व जनपद सिद्धार्थनगर।

प्रेस नोट दिनांक 04-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆ प्रभारी निरीक्षक थाना गोल्हौरा द्वारा नायब तहसीलदार इटवा एवं नायब तहसीलदार बांसी की मौजूदगी में आगामी त्यौहार माँ लक्ष्मी पूजा, धनतेरस दीपावली के दृष्टिगत थाना क्षेत्र के मूर्ति पूजा आयोजकों व डीजे संचालको, संभ्रात व्यक्तियों, धर्मगुरुओं के साथ की गयी पीस कमेटी की गोष्ठी।

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी इटवा निर्देशन में संजय कुमार मिश्र प्रभारी निरीक्षक थाना गोल्हौरा द्वारा नायब तहसीलदार इटवा एवं नायब तहसीलदार बांसी की मौजूदगी में आज दिनांक 04.11.2026 को थाना स्थानीय पर आगामी त्यौहार माँ लक्ष्मी पूजा, धनतेरस दीपावली के संबंध में पीस कमेटी की मीटिंग आयोजित की गई तथा त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु थाना क्षेत्र के मूर्ति पूजा आयोजकों, व सम्भ्रान्त व्यक्तियो के साथ पीस कमेटी की मीटिंग की गई, सभी को शान्तिपूर्ण, सौहार्दपूर्वक,त्यौहार को मनाये जाने की अपील की गयी। बैठक में मौजूद सभी व्यक्तियों से त्यौहार के दृष्टिगत शासन / उच्चाधिकारीगण द्वारा प्राप्त गाइडलाइन से अवगत कराया गया एवं उपस्थित सभी लोगों की समस्याओं को भी सुना गया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में भी मौजूद रहे।

प्रेस नोट दिनांक 04-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर ।

◆थाना शोहरतगढ़ पुलिस/एसएसबी के संयुक्त टीम द्वारा संघन्न चेकिंग अभियान के दौरान 01 अभियुक्त गिरफ्तार व अभियुक्त के कब्जे से 04 अलग अलग बोरी में पटाखा वजन करीब 50.800 किलो ग्राम व एक,मोटरसाईकिल होण्डा साईन बरामद उक्त माल को कस्टम कार्यालय खुनुवा हेतु भेजा गया

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व मंयक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ के कुशल पर्यवेक्षण शेषमणि पाण्डेय प्रभारी निरीक्षक थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में त्यौहार दिपावली के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधियों/तस्करी के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 04.11.2026 को खुनुवा बार्डर क्षेत्र मे चेकिंग के दौरान पुलिस/एसएसबी के संयुक्त टीम द्वारा ग्राम परसौना चेकिंग के दौरान सूचना मिली की एक व्यक्ति मोटरसाईकिल से सफेद बोरो में कुछ संदिग्ध समान लिया है और वह व्यक्ति परसौना से नेपाल की तरफ जायेगा इस सूचना पर पुलिस/एसएसबी के संयुक्त टीम द्वारा ग्राम परसौना दौराने चेकिंग एक मोटरसाईकिल होण्डा साईन UP55F 6163 अभियुक्त धर्मेश उर्फ टिड्डा पुत्र ब्रम्हानन्द निवासी परसौना थाना शोहरतगढ जनपद सिद्धार्थनगर मौके पकडा गया अभियुक्त के कब्जे से 04 अलग अलग बोरी में पटाका वजन करीब 50.800 किलो ग्राम ले जाते समय करीब सुबह 06.00 बजे खुनुवा, भारत नेपाल नो मैन्स लैण्ड के 150 मीटर पहले पकड लिया गया संयुक्त टीम द्वारा 04 अलग अलग बोरी में पटाखा वजन करीब 50.800 किलो ग्राम व एक अदद ,मोटरसाईकिल होण्डा साईन ,व एक नफर अभियुक्त को सीमा शुल्क कार्यालय खुनुंवा को सुपुर्द करने हेतु भेजा गया।

बरामदगी का विवरण-

04 अलग अलग बोरी में पटाखा वजन करीब 50.800 किलो ग्राम

एक अदद ,मोटरसाईकिल होण्डा साईन वाहन संख्या UP55F 6163

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

01-धर्मेश उर्फ टिड्डा पुत्र ब्रम्हानन्द निवासी परसौना थाना शोहरतगढ जनपद सिद्धार्थनगर।

बरामद करने वाली टीम का विवरण-

1.उ0नि0 श्री विजय कुमार सिंह (चौकी प्रभारी खुनुवा) थाना शोहरतगढ ,

2.हे0का0 मनोज कुमार थाना शोहरतगढ

3.का0 अनील गुप्ता थाना शोहरतगढ

4.का0 अजीत यादव थाना शोहरतगढ

5.का0 पप्पू गुप्ता थाना शोहरतगढ

6.उ0नि0 सा0श्री हमीर सिंह (शस्त्र सीमा बल)

7.मु0आ0सा0 अजय वीर (शस्त्र सीमा बल)

8.आ0सा0 रामदास विपिन कन्नौजिया (शस्त्र सीमा बल)

9.आ0सा0 शिवा (शस्त्र सीमा बल)

10.आ0सा0इन्दर सिंह गुर्जर (शस्त्र सीमा बल) 11.आ0सा0 अजीत कुमार (शस्त्र सीमा बल)

प्रेस नोट दिनांक 04-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆"आपरेशन कन्विक्शन" के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना इटवा पुलिस की प्रभावी पैरवी से गैगेस्टर एक्ट के आरोपी को 02 वर्ष 06 माह के सश्रम कारावास व ₹ 5,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।

पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा चलाये जा रहे "आपरेशन कन्विक्शन" के तहत डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम में आज दिनांक 04.11.2026 को वाद सं0-96/2025 मु0अ0सं0-65/2024 धारा- 2(b)(1), 3(1) यूपी गैंगेस्टर एक्ट में थाना इटवा मे पुलिस की प्रभावी पैरवी पर माननीय न्यायाधीश श्री मनोज कुमार तिवारी एएसजे/एफटीसी-II जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा मुकदमा उपरोक्त में सम्बन्धित अभियुक्त रुस्तम पुत्र फूलदार निवासी शहियापुर थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर को धारा-3(1) यूपी गैंगेस्टर एक्ट में 02 वर्ष 06 माह के सश्रम कारावास व ₹ 5,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, अपर जिला शासकीय अधिवक्ता नीरज श्रीवास्तव तथा न्यायालय पैरोकार आ0 संजय चौरसिया थाना इटवा का सराहनीय योगदान रहा।

प्रेस नोट दिनांक 04-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆ थानाध्यक्ष मिश्रौलिया द्वारा थाना मिश्रौलिया क्षेत्रान्तर्गत ग्राम महुई नानकार में संचालित लाइसेंसी आतिशबाजी (पटाखा) की दुकान का निरीक्षण एवं चेकिंग की गई।

आज दिनांक 04.11.2026 को डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी सुश्री रोहिणी यादव के नेतृत्व में रामदेव थानाध्यक्ष मिश्रौलिया द्वारा थाना मिश्रौलिया क्षेत्रान्तर्गत ग्राम महुई नानकार में संचालित लाइसेंसी आतिशबाजी (पटाखा) की दुकान का निरीक्षण एवं चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान दुकान के लाइसेंस, आतिशबाजी सामग्री के रख-रखाव एवं सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। दुकानदार उसमान अली पुत्र अबूबकर अली निवासी महूई नानकर थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर को निर्देशित किया गया कि निर्धारित मानकों एवं सुरक्षा नियमों का पूर्णतः पालन करते हुए ही आतिशबाजी सामग्री का विक्रय करें। दुकान पर अग्नि सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम रखें तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। साथ ही दुकानदार को शासन एवं प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक हिदायत दी गई।

प्रेस नोट दिनांक 04-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा थाना शोहरतगढ़ पर आगामी त्यौहार लक्ष्मी पूजा, धनतेरस, दीपावली व छठ पूजा के दृष्टिगत थाना क्षेत्र के मूर्तिकार, आयोजकों व डीजे संचालको, संभ्रात व्यक्तियों, धर्मगुरुओं के साथ की गयी पीस कमेटी की गोष्ठी।

डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में मंयक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहतगढ़ द्वारा आज दिनांक 04.11.2026 को आगामी त्यौहार लक्ष्मी पूजा धनतेरस/ दीपावली के दृष्टिगत थाना क्षेत्र शोहरतगढ़ मे लक्ष्मी-गणेश प्रतिमा रखने वाले व गांव के सभी सम्भ्रांत व्यक्तियों/डी0जे0 धारको की थाना शोहरतगढ़ पर पीस कमेटी की गोष्ठी आयोजन किया गया जिसमे थाना क्षेत्र के मूर्तिकार, पूजा आयोजकों व डीजे संचालको, संभ्रात व्यक्तियों, धर्मगुरुओं की उपस्थिति मे शासन द्वारा जारी उच्चाधिकारी गणों के आदेशो व निर्देशो से अवगत कराया गया व आगामी धनतेरस/ दीपावली /लक्ष्मी पूजा सभी त्यौहारों को शान्तिपूर्वक मनाने के लिये आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। इस दौरान शेषमणि पाण्डेय प्रभारी निरीक्षक शोहरतगढ़ सहित अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहें।

प्रेस नोट दिनांक 04-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆ प्रभारी निरीक्षक थाना इटवा द्वारा आगामी त्यौहार माँ लक्ष्मी पूजा, धनतेरस दीपावली के दृष्टिगत थाना क्षेत्र के मूर्ति पूजा आयोजकों व डीजे संचालको, संभ्रात व्यक्तियों, धर्मगुरुओं के साथ की गयी पीस कमेटी की गोष्ठी।

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी इटवा निर्देशन में अनिल कुमार दूबे प्रभारी निरीक्षक थाना इटवा द्वारा आज दिनांक 04.11.2026 को थाना स्थानीय पर आगामी त्यौहार माँ लक्ष्मी पूजा, धनतेरस दीपावली के संबंध में पीस कमेटी की मीटिंग आयोजित की गई तथा त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु थाना क्षेत्र के मूर्ति पूजा आयोजकों, व सम्भ्रान्त व्यक्तियो के साथ पीस कमेटी की मीटिंग की गई, सभी को शान्तिपूर्ण, सौहार्दपूर्वक,त्यौहार को मनाये जाने की अपील की गयी। बैठक में मौजूद सभी व्यक्तियों से त्यौहार के दृष्टिगत शासन / उच्चाधिकारीगण द्वारा प्राप्त गाइडलाइन से अवगत कराया गया एवं उपस्थित सभी लोगों की समस्याओं को भी सुना गया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में भी मौजूद रहे।

प्रेस नोट दिनांक 04-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆यातायात माह के दृष्टिगत थाना शिवनगर डिड़ई पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम सुकरौली में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया एवम् रिफ्लेक्टर टेप लगया गया।

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में एवं अपर पुलिस अधीक्षक प्रशान्त कुमार प्रसाद के कुशल निर्देशन में, क्षेत्राधिकारी बांसी सुबेन्दु सिंह के कुशल पर्वेक्षण में थानाध्यक्ष बृजेश सिंह थाना शिवनगर डिडई के कुशल नेतृत्व में थाना के सीसी टीम प्रभारी उ0नि0 हरीन्द्र प्रसाद यादव मय टीम द्वारा जागरुकता अभियान के दृष्टिगत यातायात माह के चौथे दिवस पर ग्राम सुकरौली में ट्रैक्टर मालिकों/चालकों को यातायात नियम के प्रति जागरुक करते हुए गुड सेमेरिटन के बारे में बताया गया व मौके पर मौजूद ट्रैक्टर पर रिफ्लेक्टर लगाते हुए प्रभावी कार्यवाही की गयी साथ ही साथ ट्रैक्टर मालिकों/चालकों से रिफ्लेक्टर लगवाने हेतु जागरुक किया गया।

प्रेस नोट दिनांक 04-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार धनतेरश, दीपावली, छठपूजा व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने सर्किल/थाना क्षेत्रो में पैदल गश्त/चेकिंग किया गया।

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में आज दिनांक 04.11.2026 को प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में जनपद के क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण द्वारा आगामी त्यौहार धनतेरस, दीपावली, छठपूजा व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने सर्किल/थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले प्रमुख बाजारों, मुख्य मार्गों, चौराहों, धार्मिक स्थलों एवं अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों, चिह्नित हॉट स्पाट एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों में पैदल गश्त/चेकिंग किया जा रहा है तथा आम जनमानस मे सुरक्षा का एहसास कराते हुये स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों एवं आमजन से संवाद स्थापित कर आगामी त्यौहारों को आपसी भाईचारे, प्रेम, सौहार्द एवं शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की गई। साथ ही सभी से एक-दूसरे की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करने, शासन-प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गई।

प्रेस नोट दिनांक 04-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज द्वारा क्षेत्राधिकारी कार्यालय डुमरियागंज पर थाना डुमरियागंज और थाना पथरा बाजार का अर्दली रूम किया गया और लम्बित विवेचना के निस्तारण और आगामी त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराये जाने को लेकर सभी को ब्रीफ़ किया गया और वरिष्ठ अधिकारीगण के आदेश निर्देश से अवगत कराया गया।

आज दिनांक 04-11-2026 को ब्रिजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज द्वारा क्षेत्राधिकारी कार्यालय डुमरियागंज पर थाना डुमरियागंज और थाना पथरा बाजार का विवेचकगण के साथ अर्दली रुम/अपराध समीक्षा गोष्ठी किया गया तथा आगामी त्यौहार धनतेरस, दीपावली और लंबित विवेचना के निस्तारण के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। विवेचनाओं के निस्तारण, पुराने मामलों के निस्तारण, जनशिकायत द्वारा प्राप्त प्रार्थना-पत्रों के निस्तारण के सम्बन्ध में कड़े निर्देश दिये गये। शहर व ग्रामीण इलाकों में पैदल गश्त, साइबर अपराध के रोकथाम सम्बन्धी प्रचार-प्रसार, साक्ष्य के आधार पर विवेचनाओं का निस्तारण एवं अभियुक्तों के प्रति वैधानिक कार्यवाही, निरोधात्मक कार्यवाही में गुण्डा अधिनियम, गैंगेस्टर अधिनियम के अन्तर्गत कार्यवाही किये जाने आदि बिन्दुओं पर निर्देश दिया गया।

प्रेस नोट दिनांक 04-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज द्वारा थाना डुमरियागंज पुलिस के साथ त्यौहार धनतेरस, दीपावली के दृष्टिगत, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु थानाक्षेत्र के कस्बा डुमरियागंज में पैदल गश्त किया गया।

आज दिनांक 04.11.2026 को ब्रिजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज द्वारा थाना डुमरियागंज पुलिस के साथ त्यौहार धनतेरस, दीपावली के दृष्टिगत, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु थानाक्षेत्र के कस्बा डुमरियागंज में पैदल गश्त किया गया तथा आम जनमानस मे सुरक्षा का एहसास कराते हुये आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी। इस दौरान श्रीप्रकाश यादव प्रभारी निरीक्षक डुमरियागंज व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें।